C M Y K

रायगढ़, रविवार
12.11.2017
मार्गशीर्ष कृष्ण 9
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

SJU Social Justice Union

Web: www.nyaysakshi.com | 3 देखें... मसूद अजहर को वैश्विक आतंकी घोषित.. | 6 देखें मनोरंजन में फन्नेखां के लुक को लेकर.... | » वर्ष-1 » अंक - 28 »

## जनता कांग्रेस ने घर-घर तक पहुंचाया जोगी का शपथ पत्र

कोरबा, (आरएनएस)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी का छत्तीसगढ़िया अधिकार यात्रा ने वार्ड क्रमांक 16 स्थित चारपारा, कोहड़िया, मांझीडेरा का भ्रमण किया। इस दौरान वार्ड के निवासियों ने पुष्पहार से यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी तथा सदस्यों ने अजीत जोगी के हाईकोर्ट में दिए शपथ पत्र को घर-घर तक पहुंचाया और उसे चुनने के लिए, कहा जो जनता का हितैषी हो। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के जिलाध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधियों को सबक सिखाना है जो केवल चुनाव के वक्त ही जनता की फिक्र करते हैं। किसी के बहकावे में आए बिना अपने विवेक का उपयोग करते हुए विकास की राह चुनना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पवन अग्रवाल कोर कमेटी सदस्य, मनीराम जांगड़े, होमेंद्र पाल खुटे, रामभरोश तोमर, चरण चंद्रा, अनारकली भार्गव, गीता तोमर, शांतिदेवी खुटे, गनेशी मानिकपुरी, छोटेलाल सोनवानी, अशोक कुमार चंद्रा, राधेलाल महंत, सुशील कुमार साहू, जितेंद्र कुमार गोंड, देवीसिंह सिंदार, जेठूस बरेठ, रामाधार चंद्रा, अशोक कुमार श्रीवास, राजेश्री चंद्रा, उमा चंद्रा, मिथलेश विश्वकर्मा, ललिता खुटे, सावित्री महंत, कौशिल्या सोनी, कमला राठिया, किरण सिंह, हेमंती साहू सहित सैकड़ों की तादाद में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धान बिक्री के लिए एक दिन पहले लेनी होगी टोकन

कोरबा, (आरएनएस)। धान बिक्री के लिए प्रशासन ने नया नियम बना दिया है, जिसके तहत उपार्जन केंद्र में किसानों को एक दिन पहले जानकारी देकर कूपन लेनी होगी। कूपन लिए बगैर किसान की धान नहीं खरीदी जाएगी। उपार्जन केंद्र में धान रखने के लिए जितनी जगह होगी, उतनी ही खरीदी की जाएगी। क्षमता से अतिरिक्त धान उपार्जन केंद्र में रखने पर उठाव नहीं होने की स्थिति में मौसमी मार से धान को नुकसान होता था। अब जबकि उपार्जन केंद्र में क्षमता से अतिरिक्त धान नहीं होंगे, ऐसे में सुरक्षा में लापरवाही की वजह से होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी समिति प्रबंधकों की होगी। जानकारी के अनुसार 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था रखने का निर्देश जिला प्रशासन की ओर से हर वर्ष दिया जाता है। इसके बावजूद फड़ तैयार करने में समिति प्रबंधकों की मनमानी देखी जा रही है। प्लास्टिक बोरी से ड्रेनेज बनाए बगैर ही जमीन पर धान को रख दिया जाता है। ऐसे में मौसमी मार से लाखों का धान नुकसान होता है। इस तरह की परिस्थितियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन नया नियम जारी किया है। इसके तहत धान बेचने वाले किसान को अपने उपार्जन केंद्र में एक दिन पहले इसकी जानकारी देकर टोकन लेनी होगी। टोकन लेने पंजीकृत किसान को ही जाना होगा। टोकन में जितनी धान बिक्री करनी होगी, बकायदा उसका उल्लेख भी होगा। उपार्जन केंद्र की जितनी क्षमता होगी उतने ही किसानों को धान बेचने के लिए टोकन जारी किया जाएगा। टोकन जारी करने की प्रक्रिया पहले आओ.पहले पाओ के आधार होगी। इस प्रक्रिया से जितनी धान की सुरक्षा उपार्जन केंद्र में की जा सकती है, उतनी की ही खरीदी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले किसान धान लेकर आते थे और उपार्जन केंद्र में रखने की जगह नहीं होती थी तब उन्हें जगह खाली होने तक इंतजार करना पड़ता। उपार्जन केंद्र में लाए धान की रखवाली के लिए रतजगा करना पड़ता। टोकन सिस्टम जारी करने से अब इस तरह की समस्या से किसानों को निजात मिल सकेगी। साथ ही समिति प्रबंधकों को सुरक्षा के लिए समस्या नहीं होगी। नियम का पालन नहीं करने व धान नुकसान होने की स्थिति में जिम्मेदारी समिति प्रबंधकों की होगी।

## कौशल बढ़ाने के लिए रेलवे कर्मचारियों को मिलेगा प्रशिक्षण

नई दिल्ली, (आरएनएस)। रेलवे ने अपने कर्मचारियों की उत्पादकता और उनका कौशल बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण देने की योजना बनायी है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अश्वनी लोहानी ने सभी महाप्रबंधकों को रेलवे कर्मचारियों के लिए कक्षा में पांच दिवसीय गहन कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की योजना बनाने को कहा है ताकि बेहतर सेवा और सुविधाओं के लिए यात्रियों की बढ़ती अपेक्षाएं पूरी की जा सकें। सभी मंडल के महाप्रबंधकों को एक पत्र में लोहानी ने कहा है कि बढ़ते रेल नेटवर्क, नयी ट्रेनों और यात्रियों की ओर से बेहतर सेवा और सुविधाओं की मांग के मद्देनजर सभी कर्मचारियों की उत्पादकता और दक्षता बढ़ाने के लिए लघु अवधि में प्रशिक्षण दिया जाना जरूरी है। पत्र में कहा गया है, ''इसलिए, फैसला किया गया है कि हरेक मंडल में तमाम कर्मचारी अगले एक साल में अपने कार्य क्षेत्र में एक सप्ताह तक प्रासंगिक कौशल और जानकारी हासिल करेंगे।'' लोहानी ने पत्र में कहा है, कि प्रशिक्षण की प्रकृति के हिसाब से पांच दिवसीय प्रशिक्षण काम के दौरान या रेलवे प्रशिक्षण केंद्रों में कक्षाओं के जरिए दिए जाएंगे। 'सक्षम' नामक परियोजना के तहत लोहानी ने सभी जीएम को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि प्रशिक्षण के लिए अपने संबंधित जोन में कर्मचारियों की प्रत्येक श्रेणी को तुरंत चिन्हित करने की जरूरत है।

## जीएसटी की दरें कम होने पर चिदंबरम ने गुजरात को कहा धन्यवाद

नई दिल्ली, (आरएनएस)। पूर्व वित्त मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने ट्वीट कर गुजरात को शुक्रिया कहा है. चिदंबरम ने अपने ट्वीट्स की कड़ी में केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में बदलाव के लिए गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनावों की तरफ इशारा किया. चिदंबरम ने केंद्र सरकार द्वारा 200 से ज्यादा वस्तुओं पर जीएसटी की दरें कम करने के बाद ट्वीट कर सरकार पर तंज कसा. अपने ट्वीट्स के जरिए चिदंबरम ने केंद्र की मोदी सरकार के इस कदम को चुनावी राज्य गुजरात में परेशानी झेल रहे कारोबारियों को खुश करने की कोशिश बताने की तरफ इशारा किया. चिदंबरम ने अपने पहले


File Photo

ट्वीट में कहा शुक्रिया गुजरात. आपके चुनाव ने वह कर दिया जिसे संसद और कॉमन सेंस भी नहीं कर पाए. चिदंबरम ने 28 प्रतिशत वाले स्लैब से तमाम आइटम्स को 18 प्रतिशत वाले स्लैब में डालने के फैसले को इशारों-इशारों में कांग्रेस की जीत बताया, जो चाहती है कि जीएसटी की अधिकतम दर 18 प्रतिशत हो. चिदंबरम ने कहा कि सरकार ने जीएसटी बिल पर राज्य सभा में चर्चा और मतदान से परहेज किया. अब ने सार्वजनिक मंच पर या जीएसटी परिषद में इस पर चर्चा से परहेज नहीं कर सकते. उन्होंने कहा, कांग्रेसी वित्त मंत्रियों ने जीएसटी परिषद की बैठक में इसके बदलाव के लिए जोर डाला है. आगरा, सूरत, तिरुपुर और अन्य केंद्रीय शहर इसे देख रहे हैं. आपको बता दें कि शुक्रवार को जीएसटी काउंसिल ने चोकलेट से लेकर डिटर्जेंट तक आम इस्तेमाल वाली 177 वस्तुओं पर कर दर को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने का फैसला किया है. बिहार के उप -मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने यह जानकारी दी. सुशील मोदी ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि परिषद ने 28 प्रतिशत के सर्वाधिक कर दर वाले स्लैब में वस्तुओं की संख्या को घटाकर सिर्फ 50 कर दिया है जो कि पहले 227 थी. जीएसटी परिषद ने यहां अपनी 23वीं बैठक में आज 177 वस्तुओं पर कर दर में कटौती कर दी.

## काशी में सांस लेना दिल्ली से ज्यादा खतरनाक

लखनऊ (आरएनएस)। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में इस बात का खुलासा हुआ है कि दिल्ली की हवाओं से ज्यादा काशी की हवाओं में प्रदूषण मिला हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर)-दिल्ली के बाद स्मॉग उत्तर प्रदेश के कई शहरों को अपनी चपेट में ले चुका है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के बाद कई शहरों को लेकर चिंता जाहिर करना लाजिमी है। उत्तर भारत के शहरों में हवा की गुणवत्ता का इंडेक्स लगातार भयावह होता जा रहा है। इसमें वाराणसी 491 के साथ हवा की गुणवत्ता खराब होने की लिस्ट में सबसे शीर्ष स्थान पर है जबकि गुरुग्राम 480, दिल्ली 468, लखनऊ 462 और कानपुर 461 अंकों पर है। आपको बता दें कि यह आंकड़े केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा जारी किए गए हैं। स्मॉग की वजह से ज्यादातर ट्रेनें अपने तय वक्त से कई घंटों की देरी से चल रही हैं, जिसकी वजह से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि स्मॉग धुआं-धुंध का मिश्रण होता है। धुंध में मिले धुएं के बारीक कणों की वजह से विजिबिलिटी कम हो जाती है। हवा में मौजूद प्रदूषण की वजह से लोग कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

## परंपरा तोड़ गुटखा किंग लालवानी की बेटियों ने दिया पिता को कंधा


नोएडा (आरएनएस)। नोएडा की चार बेटियों ने समाज की परंपरा को तोड़ते हुए अपने पिता को न सिर्फ कंधा दिया, बल्कि एक बेटी उन्हें मुखाग्नि भी दी। गुटखा किंग के नाम से मशहूर पान सेलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिभाई लालवानी (65) का पार्थिव शरीर शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। लालवानी की चारों बेटियों ने उनकी अर्थी को कंधा दिया। हरिभाई लालवानी की शव यात्रा शनिवार सुबह नोएडा के सेक्टर-40 स्थित घर से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। गुरुवार रात लालवानी को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था जिसके बाद गंभीर हालत में उन्हें नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। लालवानी की बेटी अनीता लालवानी ने बताया कि उन्होंने मृत्यु से पहले यह इच्छा जताई थी कि जब उनकी मौत हो तो उनकी शव यात्रा किसी उत्सव के समान निकाली जाए। प्रिन्स गुटखा के मालिक रहे लालवानी वर्ष 1990 के दशक में नोएडा आंत्रप्रन्योर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने थे। अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने वर्ष 1994 में हुए बहुचर्चित नोएडा आवासीय आवंटन घोटाला को जोर-शोर से उठाया था, जिसमें नोएडा प्राधिकरण की तत्कालीन मुख्य कार्यपालक अधिकारी नीरा यादव एवं आईएस अधिकारी राकेश कुमार को सीबीआई की अदालत ने सजा सुनाई थी। दिल्ली में एक पान की दुकान से अपना कारोबार शुरू करने वाले हरिभाई लालवानी वर्ष 1990 के दशक में गुटखा किंग के नाम से मशहूर हो गए।

## दो लाख से अधिक नकदी के साथ पकड़े गए तो देना होगा हिसाब

गोरखपुर (आरएनएस)। निकाय चुनाव के दौरान दो लाख रुपये तक ही कैश लेकर चलने की छूट रहेगी। इससे अधिक की रकम पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति को उसका हिसाब देना होगा। जरूरी कागजात न होने पर माना जाएगा कि रुपये का इस्तेमाल मतदाताओं को रिझाने के लिए इस्तेमाल में आ सकता है, रकम जब्त कर ली जाएगी। इसकी सूचना आयकर विभाग की टीम को दी जाएगी।आदर्श आचार संहिता के साथ ही तय सीमा से अधिक की रकम लेकर चलने वालों की निगरानी के लिए उड़का दल की गठित टीमे पहले इस दिशा में सक्रिय हो गई। टीम के सदस्यों को शहर और जिले की सीमा पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि दो लाख से कम की रकम लेकर चलने वालों को परेशान नहीं किया जाएगा।

## पाटीदारों को लुभाने के लिए कांग्रेस ने दिया फार्मूला

गांधीनगर, (आरएनएस)। गुजरात विधानसभा चुनाव में पटेलों को लुभाने के लिए कांग्रेस ने नया दांव चला है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और वकील कपिल सिब्बल से विचार-विमर्श के बाद गुजरात कांग्रेस ने संविधान के अनुच्छेद 31 और 38 (2) के तहत पाटीदारों को आरक्षण देने का प्रस्ताव दिया है। यह ओबीसी समेत अन्य आरक्षित जातियों के पहले से लागू 49 फीसदी आरक्षण के दायरे में नहीं आएगा। कांग्रेस नेतृत्व के एक सूत्र ने कहा, अनुच्छेद 31 के तहत संरक्षण दिया गया है और इसे अदालत में चुनौती नहीं दिया जा सकता है। राज्य सरकार को संवैधानिक जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए कोई राज्य कानून बना सकता है। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम ओबीसी, एससी और एसटी के लिए आरक्षित 49 फीसदी कोटे में कोई बदलाव नहीं करने जा रहे हैं। लेकिन इससे अलग 20 फीसदी आरक्षण के लिए हम एक नया कानून बनाएंगे। सूत्र ने कहा, हमारा प्रस्तावित नया आरक्षण जाति आधारित नहीं बल्कि आवश्यकता आधारित होगा। ओबीसी की तरह ही पाटीदारों को भी वही सभी लाभ मिलेंगे। वहीं इस बारे में गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष भरतसिंह सोलंकी ने कहा, कपिल सिब्बल जी ने कई



विकल्प दिए हैं जिसके तहत पाटीदार और अन्य समुदायों को आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है। अनुच्छेद 31 और 38 (2) तथा कुछ अन्य विकल्प हैं, इसके तहत राज्य विधानसभा एक कानून पारित करके राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेज सकती है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद उसे अदालत में चुनौती नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने कांग्रेस के दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए कहा, हमने जो प्रस्ताव बनाया है वह 49 फीसदी आरक्षण के अतिरिक्त है। हमने एक नए कोटे का प्रस्ताव दिया है जो संविधान के तहत वैधानिक है। उधर, कांग्रेस के ही एक नए सूत्र ने कहा, वर्तमान आरक्षण व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद 15 (4) और 16 (4) के तहत की गई है और कांग्रेस ने इससे अलग प्रस्ताव दिया है। पाटीदार अनामत आंदोलन समिति ने हमारे प्रस्ताव पर संतुष्टि जताई है। लेकिन उन्होंने कहा कि कोई भी फैसला लेने से पहले वे अपने समुदाय के नेताओं से बातचीत करेंगे। इसके अलावा कानूनी विशेषज्ञों और हार्दिक पटेल से विचार विमर्श किया जाएगा।

## ममता से मिलकर राजनीति के रंग में रंगे कमल

चेन्नई, (आरएनएस)। राजनीति में कदम रखने की इच्छा जाहिर कर चुके फिल्म अभिनेता कमल हासन ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। यह उनकी गैर-कांग्रेसी या गैर-बीजेपी तीसरे सीएम से मुलाकात है। इसके साथ ही राजनीतिक गलियारों में उनके पक्ष को लेकर कयास फिर से लगना शुरू हो गए हैं। कोलकाता में 23वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए कमल ने सात दिन तक चले इस कार्यक्रम में भी मौका नहीं गंवाया और सीएम से मुलाकात करने का वक्त निकाल लिया। माना जा रहा है कि इस



मुलाकात में उनकी सिनेमा के अलावा अन्य मुद्दों पर भी सीएम से बात हुई। करीब दो महीने पहले राजनीति में उतरने के संकेत दे चुके कमल हासन ने इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भी चेन्नई में मुलाकात की थी। कमल ने मीडिया से यह भी कहा है कि मेरा रंग भगवा नहीं है, जिससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि उनका इशारा किस तरफ है। फिलहाल कमल कुछ भी स्पष्ट कहने से बच रहे हैं।

## उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन को कभी छोटा और मोटा नहीं कहूंगा



हनोई (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन के बीच जुबानी जंग लगातार जारी है। दोनों ही एक-दूसरे को लेकर अटपटे बयान देने से भी परहेज नहीं करते। अब डॉनल्ड ट्रंप ने किम जोंग के लिए कहा है कि वह कभी भी उत्तर कोरिया के नेता को छोटा और मोटा नहीं कहेंगे। ट्रंप ने ट्वीट में किम के लिए यह कहा है। आपको बता दें कि इन दोनों नेताओं के बीच लगातार निजी टिप्पणियां होती रही हैं। ट्रंप ने अपने एशिया दौरे के दौरान हनोई से ट्वीट करते हुए कहा, 'किम जोंग मुझे बूढ़ा कहकर क्यों मेरा अपमान करेंगे जब मैं उन्हें कभी छोटा और मोटा नहीं कहूंगा। और हां, मैं उनका दोस्त बनने की काफी कोशिश करता हूं और संभव है कि ऐसा किसी दिन हो जाए।' ट्रंप की यह टिप्पणी किम के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति को सठियाया हुआ बताया था। 71 वर्षीय ट्रंप ने अब बड़े ही व्यंग्यात्मक तरीके से किम के इस बयान का जवाब दिया है। ट्रंप फिलहाल 12 दिवसीय एशियाई देशों के दौरे पर हैं और रविवार को वियतनाम में हैं। बता दें कि उत्तर कोरिया के मिसाइल और परमाणु बमों के परीक्षण की वजह से अमेरिका के साथ उसके रिश्ते काफी खराब दौर से गुजर रहे हैं।

## जर्मनी में पाक के अत्याचारों के खिलाफ प्रदर्शन

बर्लिन, (आरएनएस)। पाकिस्तान के अत्याचारों और मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ जर्मनी में विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। रविवार को हैनोवर में बलोच नेशनल मूवमेंट (बीएनएम) ने पाकिस्तान के खिलाफ एक बार फिर प्रदर्शन किया। बलोच महिलाओं, बच्चों और छात्रों के अपहरण को लेकर वे आक्रोशित नजर आए। उधर, बलोच ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन (बी एच आर ओ) बर्लिन में एक जागरूकता अभियान चला रहा है, जिसका मकसद बलूचिस्तान में मानवाधिकार उल्लंघनों के बारे में लोगों को बताना और बीएचआरओ के इनफॉर्मेशन सेक्रेटरी नवाज अत्ता व अन्य छात्रों की सुरक्षित रिहाई की मांग करना है, जिनका कथित रूप से पाक सुरक्षा बलों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। गौरतलब है कि बलोच समुदाय के लोगों के खिलाफ पाकिस्तान के अत्याचारों और मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर दुनियाभर में आए दिन विरोध-प्रदर्शन होते रहते हैं। स्थानीय लोग पाक सेना की क्रूरता से खौफ की जिंदगी जीने को मजबूर हैं।

## अमेरिका-दक्षिण कोरिया ने शुरू किया सैन्य अभ्यास

सोल, (आरएनएस)। अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने संयुक्त नौसेना अभ्यास शुरू किया है


file foto

जिसमें 3 अमेरिकी विमानवाहक पोत भी शामिल हो रहे हैं। रक्षा अधिकारियों के अनुसार यह अभ्यास उत्तर कोरिया के लिए स्पष्ट चेतावनी का संकेत है। 4 दिनों तक चलने वाला यह सैन्य अभ्यास दक्षिण कोरिया के पूर्वी तट पर शुरू हुआ।दक्षिण कोरिया की सेना के अनुसार अमेरिका के 3 पोत - यूएसएस रोनाल्ड रीगन, यूएसएस थियोडोर रुजवेल्ट और यूएसएस निमित्ज शनिवार से मंगलवार तक चलने वाले इस सैन्य अभ्यास में भाग ले रहे हैं। तीनों विमानवाहक पोतों के सोमवार तक एक साथ रहने की संभावना है। वर्ष 2007 के बाद यह पहला मौका है जब अमेरिका के 3 युद्धपोत एक साथ पश्चिमी प्रशांत में होंगे।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु सर्वे करने के लिए सर्वेयर एवं रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए। अपने बायोडॉटा के साथ तत्काल संपर्क करें... समय 11 से 4

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9301915303